## देवा मेला -में आज

**30 अक्टूबर शुक्रवार के प्रमुख कार्यक्रम**
**पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे तक**

- हॉकी प्रतियोगिता — **खेलकूद मैदान**
- दंगल/कब्बडी
- सांस्कृतिक कार्यक्रम(बेसिक शिक्षा विभाग) — **ऑडिटोरियम।**
- बैडमिंटन प्रतियोगिता(सायं5:30 से8:00 बजे)

*सायं 4 बजे से 7 बजे तक*
* भजन संध्या
*सायं 7 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक
- मानस कार्यक्रम

## एक नजर

### ग्राम कुम्हिया में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन, विशाल भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अयोध्या धाम।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के ग्राम कुम्हिया में डॉ. शरद कुमार सिंह के पूज्य पिताजी द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव का समापन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।सात दिवसीय धार्मिक आयोजन के समापन पर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन को सफल बनाया।इस अवसर पर विशेष रूप से अजीत सिंह मास्टर, महराजीपुर, रणजीत सिंह, महराजीपुर, रणविजय सिंह, कुम्हिया, संजय सिंह, राजा सिंह, फैजाबाद, ऋषि सिंह, महराजीपुर तथा जनहित सत्ता के ब्यूरो चीफ रामकेर सिंह, अयोध्या सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।धार्मिक आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं की सहभागिता और विशाल भंडारे ने सामाजिक एकता, सेवा तथा धार्मिक आस्था का संदेश दिया।

### दहेज उत्पीड़न व मारपीट मामले में पति समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार।** क्षेत्र के गांव मुरादपुर निबियाखेड़ा निवासिनी चंद्रकिरन ने थाने मे तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि उसकी शादी 5 मई 2019 को क्षेत्र के गांव बेला निवासी रूपराम उर्फ सागर बाबू पुत्र डालचंद्र के साथ हुई थी। शादी में उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन उसे ताने देकर प्रताड़ित करने लगे। पति रूपराम, जेठ विनोद, देवर मुकेश व जितेंद्र,सास मुन्नी देवी,जेठानी रीना देवी उससे दो लाख रुपये नकद और सोने की चेन की मांग करने लगे। मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी। 15 फरवरी 2026 को पति समेत अन्य ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे पहने हुए कपड़ों में ही घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद से वह अपने मायके में भाइयों रामसागर व रामप्रसाद के घर में रह रही है। ससुरालीजन लगातार दो लाख रुपये लेकर आने का दबाव बना रहे हैं और मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बुधवार को पति, जेठ, दो देवर, सास और जेठानी समेत छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

### रेडक्रास की नई कार्यकारिणी को डीएम ने दिलाई शपथ

**अयोध्या।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गुरुवार को कैंप कार्यालय सभागार में भारतीय रेडक्रास सोसाइटी की नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। सभी ने जनसेवा का संकल्प लिया।21 सितंबर को हुए चुनाव में डॉ. अजय मोहन श्रीवास्तव सभापति, मिश्रीलाल उपसभापति और डॉ. सद्दाम खान कोषाध्यक्ष चुने गए थे। इनके साथ 19 कार्यकारिणी सदस्यों ने भी शपथ ली।डीएम ने रेडक्रास के मूल सिद्धांतों का पालन करते हुए जरूरतमंदों की सहायता करने का आह्वान किया। सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भट्टोरिया ने भी पदाधिकारियों से जनकल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की अपेक्षा जताया।

### त्योहारों में सहयोग करने वालों का होगा सम्मान

**गोसाईगंज-अयोध्या।** नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा, भरत मिलाप और प्रतिमा विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने में योगदान देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति की ओर से शुक्रवार, 30 अक्टूबर को दोपहर दो बजे अक्षत पैलेस में समारोह आयोजित होगा। समिति की अध्यक्ष आरती जायसवाल ने बताया कि बिजली, पुलिस और चिकित्सा विभाग के साथ केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति, रामलीला समिति तथा बजरंग समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों को सफल बनाने में प्रशासन और सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

### चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, जेवर और मोबाइल बरामद

**अयोध्या।।** खंडासा थाना पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित रायपट्टी निवासी मेहर सिंह उर्फ छोटू सिंह (23) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, उसे 28 अक्टूबर को गांव में अवधेन्द्र प्रताप सिंह के आम के बाग के पास से पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से पाजेब, पायल, बिछिया, चेन, दो मोबाइल फोन और 540 रुपये बरामद किए गए हैं। मामले में 27 अक्टूबर को बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था।थानाध्यक्ष कमलेश कुमार सरोज के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में उपनिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह, कांस्टेबल अनूप चौधरी और हिमांशु साहू शामिल रहे। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

### फर्जी भुगतान से मालामाल हुए प्रधान और सचिव

**बिसवां नगर (सीतापुर)।** विकास खण्ड सकरन की एक ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर प्रधान व सचिव पर बगैर विकास कार्य करवाए ही लाखों की धनराशि निकालने का आरोप लगाया है। विकासखण्ड सकरन की ग्राम पंचायत भिठमनी के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत की प्रधान पुष्पा देवी व सचिव पूजा शर्मा ने तीन माह के भीतर दवा छिड़काव, हैडपम्प मरम्मत आदि कार्यों के नाम पर 1 लाख 83 हजार की धनराशि निकाल ली गई। जिसमें दवा छिड़काव के नाम पर 28 अगस्त को 23 हजार 130 रुपये व 9 अक्टूबर को 24 हजार 650 रुपये, साफसफाई के नाम पर 9 अक्टूबर को 26 हजार 950 रुपये, स्टील बेंच के नाम पर 9 अक्टूबर को 37 हजार रुपये, फोटो कांपी के नाम पर 14 जुलाई को 22 हजार 970 रुपये, हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 9 अक्टूबर को 49 हजार 455 रुपये की धनराशि निकाल ली गई। जबकि न तो हैडपम्प मरम्मत करवाए गये और न ही दवा का छिड़काव कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस प्रकार के कई विकास कार्य है जिनका चहेती फर्मों के नाम पर लाखों रुपये निकाल लिये गये। ग्रामीण भारत, प्रमोद, सियाराम, रूपा देवी, सुशीला आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर निकाली गई। धनराशि की जांच कराए जाने की मांग की है। खण्ड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिली है मामले की जांच कराई जाएगी।

### भगवन्तपुर संपर्क मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत

**पहला (सीतापुर)।** थाना रामपुर कलां क्षेत्र अंतर्गत भगवंतपुर ईश्वरवारा संपर्क मार्ग पर बिसवां महमूदाबाद मार्ग से करीब 100 मीटर पहले दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में शिवकुमार पुत्र राकेश निवासी जसमंडा गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार, बबलू पुत्र नन्हा 38 निवासी घुल्ला सिरौली, थाना महमूदाबाद, करवा का सामान लेकर अपनी बुआ के घर भगवन्तपुर गए थे। वापस लौटते समय बिसवां-महमूदाबाद संपर्क मार्ग पर सामने से आ रही शिवकुमार की बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद घायल बबलू को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहला ले जाया गया।

# शानोशौकत से निकला जुलूस-ए-पालकी, दादामियां के कुल शरीफ की रस्म अदा

देवा शरीफ, बाराबंकी। **सूफी** संत हजरत वारिस अली शाह के पिता हजरत सैय्यद कुर्बान अली शाह दादामियां का ऐतिहासिक कुल शरीफ गुरुवार को परंपरागत तरीके से अकीदत और शानोशौकत के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान जुलूस-ए-पालकी में जायरीनों का जनसैलाब उमड़ा। चारों ओर 'अल्लाह वारिस, हक वारिस' के नारे गूंजते रहे।दरगाह दादामियां के सज्जादानशीन हाजी सैय्यद उसमान गनी शाह की अगुवाई में जुलूस खानकाह हजरत कल्लन मियां स्थित उनके निवास से रवाना हुआ। सबसे पहले जुलूस हजरत वारिस पाक के आस्ताने पर पहुंचा, जहां सज्जादानशीन ने हाजिरी दी। इसके बाद पीनस में सवार होकर वह मेला नुमाइश मैदान स्थित दादामियां की दरगाह पहुंचे। रास्ते में पालकी का बोसा लेने और कंधा देने के लिए अकीदतमंदों में होड़ लगी रही। सड़क के दोनों ओर जायरीनों की भीड़ जुटी रही।दरगाह पहुंचने पर सज्जादानशीन ने दादामियां की मजार पर चादर पेश की। इसके बाद महफिल-ए-समा में सूफियाना कलाम पेश किए गए, जिन्हें सुनकर अकीदतमंद झूम उठे। कुरान शरीफ की तिलावत के बाद शिजरा और सलाम पढ़ा गया। मुल्क में अमन-चैन, शांति और भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई। कुल शरीफ की रस्म पूरी होने के बाद जायरीनों में प्रसाद तकसीम किया गया।कार्तिक देवा मेला में दादामियां के कुल शरीफ को लेकर बीती रात से ही देश के विभिन्न हिस्सों से जायरीनों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। कस्बे की गलियां अकीदतमंदों से गुलजार रहीं। जायरीनों की भीड़ में जाति-पाति का भेदभाव मिटाकर प्रेम,

### ठेलिया खड़ी करते समय युवक की करेंट लगने से मौत

**सेउता (सीतापुर)।** रेउसा थाना के भवानीपुर गांव में बुधवार रात करीब 11 बजे करंट की चपेट में आने से 30 वर्षीय सर्वेश की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह घर में बने गोदाम में ठेलियां खड़ी कर रहा था, तभी हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता पताली के मुताबिक, सर्वेश पिछले सात से आठ महीनों से त्रिभुवन लाल शर्मा के यहां काम करता था। बुधवार रात वह काम के सिलसिले में घर के गोदाम में ठेलियां खड़ी करने गया था। इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। सर्वेश की अचानक मौत से परिवार सदमे में है। परिजनों का आरोप है कि उन्हें हादसे के संबंध में पूरी और सही जानकारी नहीं दी गई।

# त्योहारों पर बाजारों में जाम और अतिक्रमण रोकने के निर्देश, बैठक

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को डीआरडीए सभागार में जिला वाणिज्य बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु समितियों की संयुक्त बैठक हुई। इसमें व्यापारियों की समस्याओं, औद्योगिक विकास और श्रमिक कल्याण योजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, निर्धारित स्थलों पर पार्किंग और साप्ताहिक बाजारों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों से अतिक्रमण हटाने तथा ई-रिक्शा और बसों का संचालन निर्धारित स्थानों से कराने पर जोर दिया, ताकि जाम की समस्या न हो और ग्राहकों को आवागमन में परेशानी न उठानी पड़े।उद्योग बंधु की बैठक में कुर्सी रोड, माती और रामसनेहीघाट औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, नाली, विद्युत सब स्टेशन, फायर स्टेशन और ईएसआईसी डिस्पेंसरी से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने लंबित कार्यों में तेजी लाने और निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।श्रम बंधु समिति की बैठक में पात्र श्रमिकों का पंजीकरण बढ़ाने और उन्हें कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, व्यापारी, उद्यमी और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रामनगर में रामकथा के तीसरे दिन जन्मोत्सव की धूम, जय श्रीराम से गूंजा पंडाल

**रामनगर, बाराबंकी।** आदर्श नगर पंचायत रामनगर में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन सुप्रसिद्ध कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का ऐसा भावपूर्ण वर्णन किया कि पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया।रामभक्त अतुल जी ने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान को पाने का एक ही मार्ग है - निर्मल मन, सच्ची श्रद्धा और निष्कपट भक्ति। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़ना होगा, तभी समाज में रामराज्य की कल्पना साकार होगी। उन्होंने माताओं से विशेष आह्वान किया कि बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कार डालें।जैसे ही उन्होंने भए प्रगट कृपाला भजन सुनाया, श्रद्धालु झूम उठे। पुष्पवर्षा के बीच पूरा पंडाल जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा।इस अवसर पर टिकैतनगर के चेयरमैन जगदीश गुप्ता, रमेश गुप्ता, रवि गुप्ता, अशोक तिवारी, रविकांत पांडेय, पवन ओझा, निखिल पांडेय, अखिल पांडेय, पूरन पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### डीएम ने ईवीएम मशीन भंडारण कक्ष का किया निरीक्षण

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वी0वी0 पैट भण्डारण कक्ष का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिये।

उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे की जांच करते हुये साफ-सफाई के निर्देश दिये। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### डिजिटल डेटा संकलन की मिली जानकारी

**सीतापुर।** सीतापुर में लहरपुर स्थित आइकन कॉलेज ऑफनर्सिंग एंड ट्रॉमा सेंटर में जनगणना के पहले बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। अंतिम दिन प्रतिभागियों को जनगणना कार्य और डिजिटल डेटा संकलन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स ने मोबाइल ऐप और डिजिटल पोर्टल के माध्यम से आंकड़े दर्ज करने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कर्मचारियों के सवालों और व्यावहारिक समस्याओं का समाधान भी किया गया। अधिकारियों ने जनगणना के महत्व की जानकारी देते हुए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को सटीक व निष्पक्ष आंकड़े जुटाने के निर्देश दिए।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर परिजनों ने उठाए सवाल

**सीतापुर।** मानपुर थाना क्षेत्र में तालाब में मिली इंटर की छात्रा लक्ष्मी 17 की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। बुधवार शाम करीब 7 बजे आई रिपोर्ट से परिजन संतुष्ट नहीं हैं। उनका आरोप है कि छात्रा के मुंह-नाक से खून निकल रहा था और सिर के पीछे चोट भी थी, लेकिन रिपोर्ट में इनका जिक्र नहीं है। मृतका के भाई बृजेश ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है। मामला मानपुर थाना क्षेत्र के बिरैचा गांव का है।

यहां की निवासी लक्ष्मी मंगलवार सुबह करीब 6 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस और परिवार के लोग किशोरी को खोजने में जुट गए। इसी दौरान गांव के बाहर तालाब में उसका शव उतराता मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने जाल की मदद से तालाब से शव बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया।

बुधवार शाम आई रिपोर्ट में मौत का कारण डूबना बताया गया। हालांकि, परिजनों का कहना है कि शव मिलने के समय मुंह और नाक से खून निकलता दिखाई दे रहा था। उन्होंने सिर के पिछले हिस्से में चोट होने की बात भी कही है। उनका दावा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इन चोटों का जिक्र नहीं है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर छात्रा से कथित प्रेम संबंध होने और फोन पर बातचीत करने का आरोप लगाते हुए संदेह जताया है। मृतका के भाई बृजेश ने मामले की गहन जांच की मांग की है। हालांकि, युवक की भूमिका को लेकर अभी कोई निष्कर्ष सामने नहीं आया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है।

पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मामले से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसए को विद्यालयों के निरीक्षण में गंदगी और गैरहाजिरी मिली

**सीतापुर।** जनपद में परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं में लापरवाही मिलने पर बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने कार्रवाई की है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे आठ विद्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण में कहीं गंदगी मिली तो कहीं शिक्षक और शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले। इस पर कई प्रधानाध्यापकों और शिक्षामित्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। एक प्रधानाध्यापक का वेतन रोकने और समय से पहले विद्यालय छोड़ने वाली शिक्षामित्र का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित विद्यालयों को एक सप्ताह में सुधार कर फेटोग्राफसहित रिपोर्ट देने को कहा गया है।बीएसए ने सुबह सबसे पहले नौ बजे गोंदलामऊ के कंपोजिट विद्यालय गोपालपुर पश्चिमी से निरीक्षण शुरू किया। यहां बच्चों को साफ-सफाई और यूनिफॉर्म में विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद सुबह 9.55 बजे मछरेहटा के प्राथमिक विद्यालय पुरैनी में परिसर गंदा मिलने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक हरदीप वर्मा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। 10.27 बजे कंपोजिट विद्यालय अनोगी गढ़ी में भी सफाई व्यवस्था खराब मिली। प्रभारी प्रधानाध्यापक रजनीश कुमार को नोटिस देने के साथ दोनों शिक्षामित्रों समीक्षा सिंह और प्रदीप अनोगी को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गये। गोंदलामऊ के कंपोजिट विद्यालय कुचलाई में सुबह 11.21 बजे गंदगी और चारों ओर झाड़ियां मिलने पर प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार का वेतन रोक दिया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय ब्रह्मावली में अनुदेशक वेदिका अनुपस्थित मिलीं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एफ्टीटी नेहा लोधी, उपासना गौतम और रसोइया उषा देवी व पूनम शुक्ला अनुपस्थित मिलीं। इन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक विद्यालय जरीगंवा प्रथम में शिक्षामित्र कुसुमा देवी के समय से पहले जाने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। वहीं, प्राथमिक विद्यालय गोपौली में प्रभारी प्रधानाध्यापक आशुतोष मिश्रा अनुपस्थित मिले। परिसर में गंदगी, हैंडवॉश में पानी न आने और कक्षाओं के बाहर कूड़े के ढेर मिलने पर उन्हें नोटिस जारी कर सुधार के निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### गढ़िया में पाइपलाइन लीकेज से सड़क पर बह रहा पानी, जल सारथी ऐप से दर्ज होगी शिकायत

**निंदूरा, बाराबंकी।** विकासखंड निंदूरा की ग्राम पंचायत गढ़िया में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन में लीकेज होने से इंटरलॉकिंग सड़क पर पानी बह रहा है। वहीं, जलापूर्ति का समय निर्धारित न होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।समस्या को लेकर ग्राम प्रधान ने जल जीवन मिशन के अधिशासी अभियंता अमित कुमार से बातचीत की। उन्होंने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। साथ ही जल सारथी ऐप के माध्यम से पेयजल संबंधी शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी।ऐप पर निर्धारित फॉर्म भरकर शिकायत के साथ फोटो, वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी भेजी जा सकती है। इससे पाइपलाइन लीकेज और अनियमित जलापूर्ति जैसी समस्याएं संबंधित विभाग तक पहुंचाई जा सकती हैं। अधिशासी अभियंता ने ग्राम प्रधान से अन्य ग्रामीणों को भी ऐप के प्रति जागरूक करने की अपील की। ग्रामीणों ने पाइपलाइन की मरम्मत कराने और जलापूर्ति का समय नियमित करने की मांग की है।

### खाद के लिए भटक रहे किसान, इफको केंद्र पर धांधली

**बाराबंकी।** धान की कटाई के बाद आलू और सरसों की बुआई के लिए डीएपी खाद की मांग बढ़ गई है, लेकिन विकासखंड मसौली की साधन सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध न होने से किसान परेशान हैं। गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मंडी परिसर के इफको बिक्री केंद्र पर भी किसानों को कई दिनों तक लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है।किसानों का आरोप है कि केंद्र पर खाद वितरण में भेदभाव किया जा रहा है। आम किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, जबकि कुछ लोगों को कथित तौर पर अंदर से खाद उपलब्ध करा दी जाती है। किसानों ने दो बोरी खाद के साथ नैनो खाद लेने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है।किसान राजेश कुमार वर्मा, आशीष कुमार वर्मा, कल्लू यादव और अंगद गौतम ने बताया कि आलू और सरसों की बुआई के लिए डीएपी की जरूरत है, लेकिन सुबह से शाम तक इंतजार करने के बाद भी कई बार खाली हाथ लौटना पड़ता है। प्लहरी गांव से आई एक महिला किसान ने बताया कि बड़ी मुश्किल से तीन बोरी खाद की पर्ची कटने के बाद भी नैनो खाद लेने का दबाव बनाया जा रहा है। समितियों पर खाद नहीं मिलने से किसानों को महंगे दामों पर बाजार से खाद खरीदने की चिंता सता रही है।भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री आशीष कुमार वर्मा और मेंथा किसान समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने केंद्र प्रभारी से नियमानुसार खाद वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है। किसानों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जबरन बिक्री पर रोक लगाने और पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

### कांति सिंह की जीत जनता के मुद्दों, अखिलेश के संघर्ष की विजय : अरविंद गोप

**बाराबंकी।** लखनऊ खंड स्नातक क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कांति सिंह की जीत को पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, पेपर लीक, बेरोजगारी और शिक्षकों की समस्याओं के खिलाफ जनता के आक्रोश की अभिव्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि यह जीत सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संघर्ष और पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित आवास पर बधाई देने पहुंचे पार्टी पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, सभासदों और समर्थकों के बीच गोप ने कहा कि इस जीत के असली हकदार बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक मेहनत करने वाले कार्यकर्ता हैं। उन्होंने चुनाव में जुटे सभी पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।इस दौरान सभासद ताज बाबा राईन ने अपने साथियों के साथ गोप को 51 किलो की माला पहनाकर बधाई दी। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान, अधिवक्ता सभा के महासचिव नरेंद्र सिंह वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी, सभासद और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कल्याणी नदी में फैला मौत का साया, जहरीले रंग-केमिकल से हजारों मछलियों की मौत

**मसौली बाराबंकी।** क्षेत्र की जीवनदायिनी कल्याणी नदी में गुरूवार सुबह दिल दहला देने वाला नजारा देखने को मिला। नदी की सतह पर हजारों की संख्या में मृत मछलियां तैरती मिलीं, साथ ही अन्य जलीय जीव भी मरे पड़े थे।**मूर्ति विसर्जन और केमिकल बना काल** स्थानीय लोगों के अनुसार नदी में नवरात्रि और विसर्जन के बाद प्रवाहित हुई मूर्तियों के जहरीले रंग और केमिकल के कारण पानी विषैला हो गया है। वहीं कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि अराजक तत्वों ने जानबूझकर मछलियों के शिकार के लिए नदी में जहरीली दवा डाली है।एक अन्य पक्ष यह भी है कि बुनकर बाहुल्य कस्बा रामपुर में जहरीले केमिकल से युक्त सूत की धुलाई रोजाना नदी में की जाती है, जिसके चलते जलीय जीव मर रहे हैं। हालांकि इस बात की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।**बोरियों में भरकर ले गए लोग** -घटना की सूचना फैलते ही रामपुर से लेकर गोड़ारी तक नदी किनारे सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। बच्चों से लेकर बड़े तक मृत मछलियों को पकड़ते और बोरियों में भरकर ले जाते देखे गए, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है।**पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं** ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले कई बार जहरीली दवा डालकर मछलियों का शिकार किया जा चुका है। लगातार हो रही इन घटनाओं से वन्यजीव प्रेमियों में गहरा रोष है।वन्यजीव प्रेमियों ने जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय नागरिकों क अपील- मृत मछलियों का सेवन करना जानलेवा हो सकता है।

### टिकैतगंज में शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग,तीन लाख का नुकसान

निंदूरा, बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र के टिकैतगंज कस्बे में गायत्री मंदिर के पास गुरुवार को कौशल किशोर पुत्र रामकुंवर निगम के मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से घर की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़ित के मुताबिक, हादसे में करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसमें 70 हजार रुपये नकद और लगभग 50 हजार रुपये कीमत के फल भी जल गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट के बाद कमरे में आग लगी। कुछ देर बाद तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। बाद में कमरे में सिलेंडर फटी हुई अवस्था में मिला। गनीमत रही कि हादसे के समय कमरे में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। सूचना पर ओदार चौकी इंचार्ज अभिषेक राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### 30 अक्टूबर से होगी रामकथा

**सीतापुर।**मिश्रिख ब्लॉक के ग्राम पिपरी पुरवा में 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। कथा का समय दोपहर 1 से शाम 5 बजे और रात 8 से 12 बजे तक रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पिपरी पुरवा, पोस्ट भरौना, मिश्रिख में होगा।

आयोजकों ने लोगों को परिवार सहित कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। कथा वाचक विनय शास्त्री महमूदाबाद, मैनपुरी हैं। वे गुरुदेव स्वर सम्राट श्री बृजेश शास्त्री के शिष्य हैं। 3 नवंबर, मंगलवार को पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम के निवेदक और सहयोगी समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी हैं।